दिनांकः 26.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने राजस्थान के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त कॉमर्शियल एलपीजी आवंटन को मंजूरी दी–इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सर्वदलीय बैठक बुलाई।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–मौजूदा सरकार ने दो साल में धार्मिक स्थलों के विकास पर 25 करोड़ रुपये खर्च किये।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने देशभर में साढ़े 300 ब्लैक स्पॉट में से 280 में सुधार किया।
- राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश–अगले दो–तीन दिन आंधी–बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना।

000

केंद्र सरकार ने राजस्थान के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त कॉमर्शियल एलपीजी आवंटन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश के व्यवसायों की ऊर्जा आवश्यकताओं को मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों और समय पर दी गई मंजूरियों के परिणामस्वरूप यह अतिरिक्त आपूर्ति प्राप्त हुई है। इस आवंटन मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।
वहीं एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रदेशभर में रसद विभाग और प्रशासन की ओर से छापेमारी की जा रही है। कई स्थानों पर अवैध रूप से भंडारण किये गये सिलेंडर भी जब्त किये जा रहे हैं।
इस बीच, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज एलपीजी के मुद्दे को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में एलपीजी की मांग और आपूर्ति के संबंध में विवरण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा किया जाएगा।
उधर, एलपीजी की कथित कमी के कारण आमजन को हो रही परेशानी के विरोध में कल राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक स्थलों को सांस्कृतिक चेतना के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। श्री शर्मा आज जोधपुर के लूणी स्थित श्री राजाराम आंजणा आश्रम में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में धार्मिक स्थलों के विकास और निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

--------------

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना और इंदिरा गांधी नहर के पुनर्निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है। सामाजिक कल्याण के कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि गौ संरक्षण के लिए गौशालाओं को तीन हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है। इसके साथ ही, सरकार बालिका शिक्षा और बाल विवाह उन्मूलन के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति और युवाओं को रोजगार देने के संकल्प को भी दोहराया। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि विकसित राजस्थान–2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए औद्योगिक विकास बहुत जरूरी है और इस लक्ष्य को हासिल करने में नीमराना का विनिर्माण मॉडल अहम भूमिका निभाएगा। मुख्य सचिव ने ये बात आज कोटपूतली–बहरोड़ के नीमराना औद्योगिक क्षेत्र के प्रवास के दौरान कही। उन्होंने औद्योगिक इकाईयों की कार्य प्रणाली देखी और उद्यमियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि इस दौरान, उन्होंने भारतीय और जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों से बात की। मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है और निवेशकों को सहयोग दिया जा रहा है।

--------------

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार ने देश भर में दुर्घटना की आशंका वाले स्थलों की पहचान की है। मंत्रालयों ने इन मार्गों पर सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए व्यापक उपाय किए हैं। आज नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा अभियान 2026 के अवसर पर अभिनेता आमिर खान से बातचीत करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि लगभग 350 चिन्हित ब्लैक स्पॉट में से लगभग 280 में सुधार किया जा चुका है। श्री गडकरी ने कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग वैश्विक स्तर पर तीसरे सबसे बड़े उद्योग के रूप में उभरा है।

उन्होंने कहा कि सरकार नीतिगत सुधारों और अवसंरचना विकास के माध्यम से आगामी पांच वर्षों में भारत को इस क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर ले जाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

--------------

000

रेलवे ने अपनी संचार प्रणाली को उन्नत करने और कवच स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा प्रणाली को विस्तारित करने के लिए 12 सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य उन्नत फाइबर संचार प्रणालियों और बेहतर सुरक्षा तंत्रों के माध्यम से रेलवे नेटवर्क को मजबूत करना है। मध्य रेलवे के सभी पांच डिवीजनों में छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक मजबूत दोहरे फाइबर संचार नेटवर्क की स्थापना के लिए दो प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। यह प्रणाली गंभीर परिस्थितियों में स्वचालित रूप से ब्रेक लगाकर ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिज़ाइन की गई है।

000

प्रदेश में आज दुर्गाष्टमी और रामनवमी का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। घरों और मंदिरों में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर, कोटा के करणी माता मंदिर, बांसवाड़ा के त्रिपुर सुंदरी सहित सभी प्रमुख शक्तिपीठों और राममंदिरों में विशेष अनुष्ठान किये जा रहे है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर भगवान श्रीराम की शोभायात्राएं भी निकाली जा रही हैं। जोधपुर में निकाली गई शोभायात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल हुए। उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री राम भारत की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम का जीवन पद और प्रतिष्ठा से ऊंचा है।

--------------

000

राज्य में आज भी कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर और नागौर सहित शेखावाटी अंचल के झुंझुनू और सीकर में दोपहर बाद धूल भरी आंधी चली और बरसात हुई। चूरू में तेज बारिश दर्ज की गई। जयपुर, अलवर, दौसा और भरतपुर जिलों में भी बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 28 मार्च से प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में ज्यादातर जिलों में आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

--------------

मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे खराब मौसम को देखते हुए अपनी कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें ताकि उन्हें नुकसान से बचाया जा सके।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में स्थान दिया गया है। अमरीकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा किए गए नवीनतम वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है। 2 से 8 मार्च के बीच किए गए इस सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से काफी आगे हैं।

स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय परमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–म्यंग दूसरे स्थान पर हैं, दोनों को 62 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग मिली है। चेक गणराज्य और अर्जेंटीना के नेताओं को क्रमशः 57 प्रतिशत और 56 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया कल से शुरू होगी। विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विभाग के नये पोर्टल और एस.एस.ओ. आईडी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची 10 अप्रैल को जारी की जाएगी। इसके बाद 23 अप्रैल, 4 मई और 11 मई को अगली सूचियां प्रकाशित होंगी। यदि सीटें खाली रहती हैं, तो "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

000

झुंझुनूं के लूमास गांव में आज साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में साइबर थाना झुंझुनूं की टीम ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी।

000